विचार–प्रवाह...प्रस्ताव पर ऐतिहासिक सहमति



# पेज श्री

देहरादून, रविवार, 19 दिसंबर 2021



मौसम अधिकतम 17.0⁰ न्यूनतम 05.0⁰ | 40243.39 | 2 गम में डूबे किम जोंग उन | 7 गौतम गंभीर की आईपीएल में वापसी

# यूपी से कट्टा गया कि नहीं गया...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

शाहजहांपुर। पश्चिम से पूरब तक विकास का एक्सप्रेस वे, चुनावी मौसम और भीड़ से भरा मैदान। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को विकास की गाड़ी खूब दौड़ाई और फिर पावर स्टेयरिंग राजनीति की ओर भी बखूबी घुमाई। उन्होंने कहा कि हमने यूपी से माफिया और कट्टा लहराने वालों का राज खत्म कर दिया। प्रदेश की योगी सरकार माफिया पर कार्रवाई करती है तो, इन्हें पालने वालों को दर्द होता है। ये वही लोग हैं जो सरकारी विकास परियोजनाओं के पैसे से अपना घर भरते थे। उन्होंने यूपी और योगी को जोड़कर बहुपयोगी का नया फार्मूला समझाया। उन्होंने कहा कि यूपी के विकास को डबल इंजन की सरकार के दमखाम की जरूरत है।

## शाहजहांपुर पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने गंगा एक्सप्रेसवे का किया शिलान्यास

**योगी ने किया बहुत परिश्रम**

पीएम ने कहा कि सरकार अच्छी नियत से काम करती है तो क्या परिणाम होते हैं यह अनुभव चार –पांच सालों में किया है। बीजेपी सरकार आने से पहले पश्चिमी यूपी के हाल बहुत खराब थे। अब माफिया सलाखों के पीछे हैं।



**कुछ राजनीतिक दलों को वोट बैंक की चिंता**

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक दलों को वोट बैंक की चिंता में विकास और विरासत से दिक्कत होती है। काशी में भव्य धाम से दिक्कत, राम मंदिर और यहां तक कि गंगा सफाई से भी इन्हें परेशानी होती है। हम आतंक के आकाओं पर कार्रवाई करते हैं तो, ये लोग सवाल उठाते हैं। भारतीय वैक्सीन बनाते हैं तो, इन्हें विश्वास नहीं होता।

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार दोपहर रोजा में मेरठ से प्रयागराज तक बनने वाले 594 किलोमीटर लंबे सिक्स लेन के गंगा एक्सप्रेस वे का शिलान्यास किया। बारह जिलों से गुजरने वाले एक्सप्रेस वे निर्माण पर 26230 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मोदी ने कहा कि पांच साल पहले पश्चिम यूपी में कानून व्यवस्था की स्थिति ऐसी थी कि कहा जाता था कि दिया जले तो घर लौट आना। कट्टा लहराने वाले सूरज डूबने का इंतजार करते थे। उन्होंने लोगों से पूछा कि अब कट्टा गया कि नहीं? मोदी ने कहा कि पहले बेटियां बमुश्किल स्कूल जा पाती थीं। कारोबारियों को जमीन पर कब्जे की चिंता होती थी। दंगा और आगजनी चाहे जब हो जाते थे। मेरठ के सोतीगंज में तो सारे देश की चोरी की गाड़ियां कटती थीं। योगी ने यह सब खत्म कर दिया। अब गैर कानूनी संपत्ति पर बुल्डोजर चल रहा है तो, उन्हें पालने वालो को दर्द है। जिनको माफिया पसंद, वह उसका गुणगान कर रहे हैं, हम उन्हें याद करते हैं, जिन्होंने देश बनाया। वो लोग सरकारी पैसे का उपयोग कुछ परिवारों की समृद्धि के लिए करते थे लेकिन योगी विकास में लगाते हैं। मोदी ने बताया कि स से सड़क के साथ समृद्धि का मार्ग बताया।

इसी परिस्थिति के चलते आए–दिन पलायन की खबरें आती थीं। योगी की सरकार ने स्थिति की सुधारने के लिए बहुत परिश्रम किया है। आज पलायन नहीं होता है। आज जब उस माफिया पर बुल्डोजर चलता है... बुल्डोजर माफियाओं की अवैध इमारत पर चलता है लेकिन दर्द उसे पालने–पोसने वालों को होता है।

पीएम मोदी ने कहा कि यही लोग हैं जो आतंक के आकाओं के खिलाफ कार्रवाई पर सवाल खड़े करते हैं। यह प्रदेश–यह देश महान है।

**गंगा एक्सप्रेस वे यूपी के विकास को नई गति देगा**

मोदी ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे यूपी के विकास को नई गति देगा। यूपी नेक्स्ट जनरेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ अग्रणी राज्य बनेगा। यह बिहार और दिल्ली को लाभ देने के साथ पश्चिम को पूरब के लोगों के दिल से भी जोड़ेगा। उद्योग और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। मोदी ने काकोरी कांड के नायक रामप्रसाद बिस्मिल, रोशन सिंह और अशफाक उल्लाह खां की भूमि पर उनके बलिदान को बार–बार याद किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्व की सरकारों में विकास कार्य कागज पर होते थे। पिछले साढ़े चार वर्ष में ये जमीन पर उतरे हैं। वर्ष 1947 से लेकर वर्ष 2017 से पहले तक प्रदेश में सिर्फ डेढ़ एक्सप्रेस वे बने थे। जबकि पिछले साढ़े चार वर्षों में छह नये एक्सप्रेस वे दिए जा चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेठी में राहुल गांधी व प्रियंका की पदयात्रा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अमेठी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 2019 में अमेठी से लोकसभा का चुनाव हारने के लम्बे समय बाद अमेठी पहुंचे तो अपनापन जता दिया। अमेठी के बाद केरल के वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस प्रतिज्ञा पदयात्रा भी की। उन्होंने पीएम मोदी की कार्यशैली पर भी कटाक्ष किया। मैंने बहन से कहा कि लखनऊ के कार्यक्रम में जाने से पहले मैं अपने घर अमेठी जाना चाहता हूं।

### देश में सक्रिय कोविड–19 मामले घटकर 84,565 हुए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के मामलों में स्थिरता नजर आ रही है। हर दिन मामले थोड़े बहुत ही ऊपर नीचे होते दिख रहे हैं। शनिवार को ताजा अपडेट के अनुसार, भारत ने पिछले 24 घंटे की अवधि में 7,145 नए कोरोना वायरस के मामले दर्ज किए।

# उत्तराखण्ड पुलिस में 1718 पदों पर होगी भर्ती, आदेश जारी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निभाया बेरोजगारों से किया वादा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। राज्य की धामी सरकार ने बेरोजगार युवाओं को पुलिस विभाग में भर्ती के दरवाजे खोल दिए हैं। शासन ने सिपाहियों के 1521 और दरोगाओं के 197 पदों पर भर्ती की अनुमति दे दी है। इस सम्बंध में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अतिशीघ्र उत्तराखंड पुलिस भर्ती विज्ञप्ति जारी करने के आदेश दिए गए हैं।

बीते 4 जुलाई को मुख्यमंत्री का पदभार संभालते ही पुष्कर सिंह धामी ने कहा था कि युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। सरकारी नौकरी के साथ स्वरोजगार मुहैया करवाकर ही पहाड़ी क्षेत्र से हो रहे पलायन को रोका जा सकता है। उन्होंने तुरंत विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पड़े लगभग 24000 पदों पर नियुक्ति शुरू करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अधिकांश विभागों ने अपने यहां रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब पुलिस विभाग के रिक्त पदों पर भर्ती के आदेश जारी किए गए हैं।

**आदेश**

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग शुरू करेगा सिपाहियों के 1521 और दरोगाओं के 197 पदों पर भर्ती



सचिव डा. रंजीत कुमार सिन्हा की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तराखण्ड पुलिस के 1521 आरक्षी पदों और 197 उपनिरीक्षक पदों पर भर्ती का निर्णय शासन ने लिया है। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को इन पदों की भर्ती परीक्षा की विज्ञप्ति जारी करने और परीक्षा कार्यक्रम जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

बताते चलें कि हाल ही में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'देवभूमि बेरोजगार मंच' के तहत रोजगार के लिए प्रदर्शन कर रहे युवाओं को आश्वासन दिया था कि अति शीघ्र पुलिस विभाग में भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बीते 17 दिसंबर को बेरोजगार युवाओं ने मुख्यमंत्री आवास कूच किया था।

इस दौरान अधिकारियों के जरिए हुए वार्ता में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दो दिन के भीतर पुलिस भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया था, जो आज पूरा हो चुका है।

# शीतलहर का प्रकोप जारी उत्तराखंड में येलो अलर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। शीतलहर का प्रकोप जारी है। पंजाब–यूपी हरियाणा सहित उत्तर भारत के अधिकतर राज्यों में पारा लगातार गिर रहा है। अगर हम आज के ताजा अपडेट की बात करें तो आज भी पंजाब के अमृतसर में पारा गिरा। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, आज अमृतसर में न्यूनतम पारा 1 डिग्री रहने के साथ कोहरा रहा। वहीं राजस्थान के चुरू में आज न्यूनतम तापमान –1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां पर घना कोहरा भी रहा। उधर, राजधानी दिल्ली में भी शीतलहर का प्रकोप जारी है। लगातार यहां पर भी पारा गिर रहा है।

बता दें कि उत्तर भारत के पहाड़ों पर लगातार बर्फबारी हो रही है। इसके चलते मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ रही है। उत्तराखंड के बदरीनाथ, केदारनाथ समेत अन्य चोटियों में बर्फबारी दर्ज हो रही है और निचले इलाकों में सर्द हवाएं दुश्वारियां बढ़ा रही हैं। वहीं, हिमाचल में अटल टनल रोहतांग के नार्थ पोर्टल में बर्फीले तूफान ने वाहन चालकों समेत पुलिस कर्मचारियों की दिक्कत भी बढ़ा दी। वहीं मनाली के साथ लगते सोलंगनाला में हिमपात के कारण 500 से अधिक पर्यटन वाहन भी फंस गए थे।

**अलर्ट**

■चुरू–जम्मू में माइनस में तापमान

जम्मू भी इस वक्त कोहरे की चादर से ढका हुआ है। लोगों की ठिठुरन बढ़ गई है। जम्मू शहर व साथ लगते इलाकों में सुबह घना कोहरा छाया जो सूर्य निकलने के साथ कम हुआ। देश के कई हिस्सो में ठंड की वजह से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो चुका है। पहाड़ों पर हो रही लगातार बर्फबारी से मैदानी इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों तक शीतलहर चलने की संभावना है। इसके लिए अलर्ट भी जारी किया गया है।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# डेढ़ से तीन दिन में दोगुने हो रहे ओमिक्रोन के मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जिनेवा। दक्षिण अफ्रीका में मिले कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन को लेकर रोजाना नए–नए अध्ययन सामने आ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कोरोना वायरस का ओमिक्रोन वैरिएंट डेल्टा स्ट्रेन की तुलना में काफी तेजी से फैल रहा है। डब्ल्यूएचओ ने शनिवार को कहा कि ओमिक्रोन कोरोना वायरस संस्करण 89 देशों में फैल चुका है और सामुदायिक प्रसारण वाले क्षेत्रों में इसके मामलों की संख्या 1.5 से 3 दिनों में दोगुनी हो रही है।

**ओमिक्रोन वायरस संस्करण 89 देशों में फैल चुका है**

डब्ल्यूएचओ ने एक अपडेट में कहा है कि ओमिक्रोन उच्च स्तर की जनसंख्या प्रतिरक्षा वाले देशों में तेजी से फैल रहा है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह वायरस की प्रतिरक्षा से बचने की क्षमता के कारण हो रहा है। एजेंसी ने पहली बार सामने आने के तुरंत बाद 26 नवंबर को ओमिक्रोन को वेरिएंट आफ कंसर्न घोषित कर दिया। ओमिक्रोन बारे में अभी भी ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई है, जिसमें बीमारी की गंभीरता भी शामिल है।

डब्ल्यूएचओ का कहना है कि ओमिक्रोन की नैदानिक गंभीरता पर अभी भी सीमित आंकड़े हैं।